पत्रांक— 5403 ............ न०वि०एवंआ०वि०

# बिहार सरकार
# नगर विकास एवं आवास विभाग

प्रेषक,

**चैतन्य प्रसाद,**
प्रधान सचिव।

सेवा में,

**नगर आयुक्त,**
नगर **निगम कटिहार।**

पटना, दिनांक 16/8/16

विषय :— **माह जुलाई 2016 की मासिक समीक्षा टिप्पणी के संबंध में।**

महाशय,

नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा आपके कार्यों की मासिक समीक्षा की जा रही है। माह जुलाई तक प्राप्त प्रतिवेदनों की समीक्षा से निम्न तथ्य विदित होते हैं :—

1. **चतुर्थ राज्य वित्त आयोग** :—

   (i) चतुर्थ राज्य वित्त आयोग के अंतर्गत दिनांक 01.04.2016 को आपके नगर निकाय में 273.47 लाख रूपये उपलब्ध थे। वर्ष 2016—17 में **कोई राशि** विमुक्त **नहीं** हुए। कुल उपलब्ध 273.47 लाख रूपये संसाधनों में से अद्यतन व्यय 27.28 लाख रूपये है, जो मात्र 9.98 प्रतिशत है। स्पष्टतः आपकी उपलब्धि **अत्यंत निराशाजनक** है।

2. **13वें वित्त आयोग** :—

   (i) 13वें वित्त आयोग के अंतर्गत दिनांक 01.04.2016 को आपके नगर निकाय में 18.97 लाख रूपये उपलब्ध थे। वर्ष 2016—17 में 0.00 लाख रूपये विमुक्त हुए। कुल उपलब्ध 18.97 लाख रूपये संसाधनों में से अद्यतन व्यय 18.97 लाख रूपये है ,जो मात्र 100.00 प्रतिशत है। ।

   (ii) भौतिक प्रतिवेदन की समीक्षा करने से ज्ञात है कि दिनांक 01.04.2016 को 1 योजनाएं लंबित थी। वर्ष 2016—17 में अब तक **कोई** योजनाएं **नहीं** ली गयी है। इस प्रकार कुल कार्यरत 1 योजनाओं में से **अभी तक कोई भी** योजनाएं पूर्ण **नहीं** हुई है। स्पष्टतः आपकी उपलब्धि ***असंतोषजनक*** है।

3. 14 वें वित्त आयोग:- **14 एवं वित्त आयोग के अंतर्गत दिनांक 01.04.2016 को आपके नगर निकाय में 416.31 लाख रूपये उपलब्ध थे | वर्ष 2016-17 में 344.54 लाख रूपये विमुक्त हुए | कुल उपलब्ध 760.85 लाख रूपये संसाधनों में से अधतन व्यय 46.27**

लाख रुपये है, जो की मात्र 6.08 प्रतिशत है | स्पष्टत: आपकी उपलब्धि **अत्यंत निराशाजनक** है |

3. राज्य योजना :–

(i) **राज्य योजना** अंतर्गत दिनांक 01.04.2016 को आपके नगर निकाय में **548.04** लाख रूपये उपलब्ध थे। वर्ष 2016–17 में **0.00** लाख रूपये विमुक्त हुए। । कुल उपलब्ध **548.04** लाख रूपये संसाधनों में से अद्यतन व्यय **85.47 लाख रूपये** है। जो मात्र 15.60 प्रतिशत है।

(ii) भौतिक प्रतिवेदन की समीक्षा करने से ज्ञात है कि दिनांक 01.04.2016 को 10 योजनाएं लंबित थी। वर्ष 2016–17 में अब तक **कोई भी** योजनाएं **नहीं** ली गयी है। इस प्रकार कुल कार्यरत 10 योजनाओं में से **अभी तक** 2 योजनाएं पूर्ण हुई है। स्पष्टतः आपकी उपलब्धि **अत्यंत** ***निराशाजनक*** है।

5.पंचम वित्त आयोग:-

पंचम वित्त आयोग के अंतर्गत दिनांक 01.04.2016 **को आपके नगर निकाय में** 877.17 लाख रूपये उपलब्ध थे | वर्ष 2016-17 में 0.00 लाख रूपये विमुक्त हुए | कुल उपलब्ध 877.17 लाख रूपये संसाधनों में से अधतन व्यय 75.97 लाख रुपये है , जो की मात्र 8.66 प्रतिशत है | स्पष्टत: आपकी उपलब्धि **अत्यंत निराशाजनक** है |

5. पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि (BRGF) :–

(i) पिछड़ा क्षेत्र अनुदान निधि के अंतर्गत दिनांक 01.04.2016 को आपके नगर निकाय में 79.66 लाख रूपये उपलब्ध थे। वर्ष 2016–17 में **को 84.92 लाख रुपये विमुक्त हुई है** । कुल उपलब्ध **164.58** लाख रूपये संसाधनों में से अद्यतन **व्यय 10.93** लाख रूपये है, जो मात्र **6.64** प्रतिशत है।

(ii) भौतिक प्रतिवेदन की समीक्षा करने से ज्ञात है कि दिनांक 01.04.2016 को **कोई भी** योजनाएं लंबित **नहीं** थी। वर्ष 2016–17 में अब तक **कोई** योजना **नहीं** ली गयी है। स्पष्टतः आपकी उपलब्धि **अत्यंत** ***निराशाजनक*** है।

7.ठोस अवशिष्ट प्रबंधन :–

(i) आपके शहर में कुल 45 वार्ड हैं, जिसमें से **अभी तक** 9 वार्डों में डोर–टू–डोर कूड़ा संग्रहण का कार्य हो रहा है।

(ii) सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए यांत्रिकरण पर जोर दिया जा रहा है, लेकिन वांछित संख्या में मशीनों का क्रय नहीं किया गया है। शहर में कार्यरत सफाई कर्मियों की ससमय उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए बायोमिट्रिक हाजिरी व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है, इसका अनुपालन अप्राप्त है। ठोस अवशिष्ट के प्रभावी प्रबंधन एवं निष्पादन के लिए की जा रही कार्रवाई का प्रतिवेदन अपेक्षित है।

8.**मुख्यमंत्री स्वच्छता अनुदान** :-

**मुख्यमंत्री स्वच्छता अनुदान योजना के** अंतर्गत दिनांक 01.04.2015 को आपके नगर निकाय में 0.00 लाख रूपये उपलब्ध थे। वर्ष 2015–16 में 282.35 लाख रूपये विमुक्त हुए। कुल उपलब्ध 282.35 **लाख** रूपये संसाधनों में से **दूरभाष पर प्राप्त सूचना के** अनुसार अद्यतन व्यय 55.48 **लाख रुपये** है।

9.उपयोगिता प्रमाण पत्र :– आपके निकाय के विरूद्ध वित्तीय वर्श 2003–04 से 2014–15 तक की अवधि में कुल 7801.392 लाख की राशि विभाग द्वारा आवंटित की गयी थी जिसके आलोक में अभी तक कुल 7494.21 लाख रूपये का उपयोगिता प्रमाण पत्र जमा की गयी है एवं 307॰18 लाख की राशि लंबित है |कोषागार में यूनिट हेड 3106 में कुल 272.16 लाख की राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण राशि की निकासी नहीं की जा सकी |(नगर निकाय पत्रांक 1731 दिनांक 03.11.14 द्वारा सूचनार्थ|)

**विभागीय पत्रांक 2553 दिनांक 25.05.15 के द्वारा नगर निगम कटिहार से प्राप्त कुल 272.16 लाख के अनिकासी प्रमाण पत्र को AG में समायोजन हेतु भेजा गया है |**

**कुल 272.16 लाख कि अनिकासी का समायोजन AG द्वारा किया गया है|**

10.नगर सेवा प्रबंधन :–

आपके शहर से संबंधित इस वित्तीय वर्ष में हेल्पलाईन के माध्यम से 97 जन शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिसमें से 57 का निराकरण किया गया है, एवं 40 लंबित हैं। स्पष्टतः आपकी उपलब्धि ***असंतोषजनक*** है।

11.**होल्डिंग टैक्स** :– माह जुलाई 2016 का **मासिक** संग्रहण 20.45 लाख रूपये है, जो **की** वित्तीय **वर्ष** की औसत मासिक संग्रहण 29.23 लाख रूपये से 14.19 प्रतिशत **अत्यधिक** है। **चालू वित्तीय वर्ष का वार्षिक औसत मासिक संग्रह** 33.38 **है |** दिनांक 01.04.2016 को होल्डिंग की संख्या 27770 थी एवं अद्यतन तिथि तक 27770 होल्डिंग ही है। होल्डिंग का सर्वेक्षण करके अतिरिक्त होल्डिंग को होल्डिंग टैक्स के दायरे में लाने के लिए किये गये प्रयास जारी रहे।

12.**अन्य स्रोतों से कर** :–

अन्य स्रोतों से कर वसूली 93.87 लाख रूपये है, जिसमें सुधार लाने का प्रयास करें।

**13. स्वच्छ भारत मिशन** _:– स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय निर्माण हेतु वित्तीय वर्ष 2015-16 में दिए गए कुल लक्ष्य 1390 एवं वित्तीय वर्ष 2016-17 में कुल लछ्य 2780 अथार्त कुल लक्ष्य 4170 के विरुद्ध आपके निकाय में 45 व्यक्तिगत शौचालय का निर्माण किया गया है लेकिन एक भी सामूहिक एवं Public Toilet का निर्माण नहीं किया गया है| इस पर जोर दिया जाय।

14.**पी०एल०खाता**:- दिनांक 01.04.2016 को आपके नगर निकाय के पी० एल० खाते में 3878.79 लाख रूपये उपलब्ध थे। वर्ष 2016–17 में 221.77 लाख राशि विमुक्त की गई है। इस प्रकार कुल उपलब्ध 4100.55 लाख की राशि में से 1138.84 लाख मात्र राशि का भुगतान किया गया है | शेष 2961.72 लाख की अव्यवहृत अंतिम राशि (Closing Balance) अभी भी मौजूद है जो अत्यंत ही बड़ी राशि है|

निर्देश दिया जाता है कि इस मासिक समीक्षा टिप्पणी में अंकित तथ्यों पर लिखित अनुपालन प्रतिवेदन पत्र निर्गत होने के तीन सप्ताह के अंदर अनिवार्य रूप से विभाग को प्रेषित किया जाय। इस मासिक समीक्षा टिप्पणी को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड किया जा रहा है। साथ ही आपके द्वारा समर्पित किये जा रहे मासिक समीक्षा टिप्पणी का अनुपालन प्रतिवेदन भी वेबसाईट पर अपलोड किया जाएगा।

विश्वासभाजन

12/8/2016

( चैतन्य प्रसाद ),

प्रधान सचिव

ज्ञापांक–5403/ पटना, दिनांक 16/8/16

प्रतिलिपि :– जिला पदाधिकारी, कटिहार एवं महापौर, नगर निगम, कटिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

12/8/2016

प्रधान सचिव